प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 03.05.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य में वेतन निकासी घोटाले की व्यापक जांच का दायरा बढ़ा, अब उच्चस्तरीय समिति 14 जिलों के ट्रेजरी की करेगी पड़ताल।
2. रांची में चल रहे सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेले का आज होगा समापन, मेले में लगे स्टॉलों से वोकल फॉर लोकल को मिल रहा बढ़ावा।
3. धनबाद में बीसीसीएल के मुनिडीह कोल वाशरी में हादसा, मलबे में दबकर चार मजदूरों की मौत
4. झारखंड में बदला मौसम का मिजाज, आठ मई तक राजधानी रांची सहित कई जिलों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी।
5. तीसरी सिकोकई ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में मेज़बान झारखंड की टीम ने 14 स्वर्ण पदक जीतकर हासिल किया शीर्ष स्थान।

*****************

राज्य में सरकारी खजाने से फर्जी वेतन निकासी के मामले में अब जांच का दायरा बढ़ाकर 14 जिलों तक कर दिया गया है। मुख्यमंत्री की मंजूरी मिलते ही वरिष्ठ आइएएस अधिकारी अमिताभ कौशल की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति अब हजारीबाग और बोकारो के साथ 12 अन्य ट्रेजरियों की भी जांच करेगी। वित्त विभाग ने महालेखाकार से मिली नई जानकारी के आधार पर जांच का विस्तार करने का औपचारिक प्रस्ताव सरकार को भेज दिया है। पूर्व में केवल दो जिलों में अवैध निकासी की बात सामने आई थी, लेकिन नए खुलासों के बाद अब राज्य के अन्य हिस्सों में भी व्यापक पड़ताल की तैयारी है।

*****************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि कला के क्षेत्र में बच्चों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। प्रोत्साहन मिलने से ही बच्चे अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुँच सकेंग। श्री सेठ रांची में सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेला के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे।

3 दिवसीय इस मेले का आज समापन होगा। यहां लगे स्टॉलों से वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा मिल रहा है।

*****************

धनबाद स्थित भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, बीसीसीएल के मुनिडीह शोधन संयंत्र में मलबे में दबकर वहां काम कर रहे चार मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बचाव अभियान के दौरान सभी चारों मजदूरों के शव बाहर निकाल लिये गए। यह हादसा उस समय हुआ जब मजदूर कोयले के मलबे को ट्रकों में लाद रहे थे। पुलिस अधिकारी मनीता कुमारी ने बताया कि घटना के दोषियों पर कार्रवाई होगी।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉक्टर आर. बालासुब्रमण्यम और डॉ. जोरम अनिया को नीति आयोग के पूर्णकालिक सदस्य के रूप में नियुक्त होने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका समृद्ध अनुभव और विभिन्न मुद्दों की गहरी समझ नीति निर्माण को बहुत मजबूत करेगी।

*****************

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भारत की आपातकालीन संचार प्रणालियों को सुदृढ़ करने और जन सुरक्षा ढांचे के विस्तार के लिए सेल प्रसारण प्रणाली–सीबीएस का शुभारंभ किया। स्वदेशी तकनीक पर आधारित सीबीएस को दूरसंचार विकास केंद्र–सी–डॉट ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और गृह मंत्रालय के सहयोग से विकसित किया है। इस दौरान परीक्षण के तौर पर देश भर के करोड़ों मोबाइल फोन पर एक साथ सन्देश भेजे गए।

*****************

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने प्रख्यात गीतकार, लेखक और संचार विशेषज्ञ प्रसून जोशी को भारत के लोक सेवा प्रसारक, प्रसार भारती का अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री जोशी का साहित्य, विज्ञापन, सिनेमा और जनसंचार के क्षेत्र में व्यापक योगदान रहा है। सूचना और प्रसारण मंत्री अस्विनी वैष्णव ने कहा है कि उनके नेतृत्व में प्रसार भारती नई ऊर्जा, उद्देश्य और रचनात्मकता के साथ कार्य करेगा।

*****************

केंद्र सरकार ने बताया है कि इस वर्ष मार्च महीने से लेकर अब तक लगभग छह लाख पीएनजी गैस कनेक्शन दिए गए हैं और ढाई लाख से अधिक अतिरिक्त कनेक्शनों के लिए बुनियादी ढांचा तैयार किया गया है। साथ ही लगभग साढ़े छह लाख से अधिक ग्राहकों ने नए कनेक्शनों के लिए पंजीकरण कराया है।

******************

मार्शल द्वीप समूह के ध्वज वाला एलपीजी वाहक पोत, एमटी सर्व शक्ति, जिसमें भारत के लिए 46 हजार 313 मीट्रिक टन एलपीजी लदा हुआ है, होर्मुज जल–डमरू–मध्य को सुरक्षित रूप से पार कर गया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, इसके इस महीने की 13 तारीख को विशाखापत्तनम पहुंचने की उम्मीद है।

******************

हजारीबाग में एक महिला की हत्या करने के आरोप में उसके पति और ससुर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने बताया कि पिछले 26 अप्रैल को केरेडारी थाना क्षेत्र में कोलाय के पास एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद मृतका के पति और ससुर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

******************

एक माह तक चलने वाले हर घर सुरक्षा अभियान के तहत साहिबगंज जिले में एक दिन में एक लाख से ज्यादा परिवारों को बीमा सुरक्षा से जोड़ा गया है। झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन समाज, जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मतीन तारीख ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना है।

******************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची, खूंटी, गुमला और आसपास के इलाकों में आठ मई तक आसमान में काले बादल छाए रहने और हल्की बारिश होते रहने की संभावना जताई है। विभाग ने कहा है कि इससे मौसम सुहाना बना रहेगा। इधर, मौसम विभाग ने कल के लिए संताल परगना, धनबाद और बोकारो सहित नौ जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जहाँ 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और ओलावृष्टि की संभावना है।

******************

रांची के खेलगाँव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में तीसरी सिकोकई ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के पहले दिन मेज़बान झारखंड की टीम ने 14 स्वर्ण पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि बंगाल दूसरे और उड़ीसा तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि हांशी भरत शर्मा ने कहा कि झारखंड के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है और वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

******************

और अब अखबारों की वेबसाइट की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित होने वाले अधिकतर प्रमुख अख़बारों ने धनबाद में मुनीडीह कोल वाशरी में हुए हादसे की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिंदुस्तान की हेडलाइन है–अंचल अधिकारी के जमीन मापी और सीमांकन करने पर झारखण्ड हाईकोर्ट ने लगायी रोक

प्रभात खबर ने लिखा है–रांची विश्वविद्यालय में चतुर्थ वर्ग के सभी 642 पद खत्म, अब आउटसोर्स किये जायेंगे कर्मचारी

दैनिक जागरण की सुर्खी है–राजस्व बढ़ाने के लिए 280 वाहन खरीदेगा वाणिज्य कर विभाग

दैनिक भास्कर की खबर है–बोकारो एसपी ऑफिस के सिपाही के घर छापा, आठ लाख 75 हजार रुपये मिले।

द संडे टाइम्स ने धनबाद में कुत्तों के हमले से पांच साल के बच्चे की मौत की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**********************